

व्यवस्थित ब्रांड–निर्माण और विपणन अभियानों के माध्यम से भारत में उच्च शिक्षा को आगे बढ़ाने के लिए वैश्विक छात्र समुदाय को सुविधा प्रदान करना और प्रोत्साहित करना है।

इस कार्यक्रम ने वैश्विक छात्र समुदाय को गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक शिक्षा का अनुभव कराने के लिए भारत के प्रमुख एनएएसी और एनआईआरएफ मान्यताप्राप्त संस्थानों को एक साथ रखा है।

## स्टडी इन इण्डिया

अंतर्राष्ट्रीय उच्च शिक्षा के क्षेत्र में भारत को पुनःस्थापित करने के लिए एडसिल द्वारा शिक्षा मंत्रालय के तहत एक प्रमुख परियोजना– 'स्टडी इन इंडिया' का कार्यान्वयन किया जा रहा है।

भारत को दुनिया के दूसरे सबसे बड़े उच्चतर शिक्षा नेटवर्क के रूप में स्थान मिलने से, स्टडी इन इंडिया का उद्देश्य

## तकनीकी समर्थन समूह (टीएसजी)

यह विभाग कई विशाल अखिल भारतीय परियोजनाओं जैसे समग्र शिक्षा, मध्यान्ह भोजन, शिक्षक शिक्षा, एचईएसपीआईएस, एनएमईआईसीटी, एनएलएमए, एनपीआईयू आदि के कार्यान्वयन में शिक्षा मंत्रालय को तकनीकी और लॉजिस्टिक सहायता प्रदान करता है।

वित्त वर्ष 2020 के दौरान कंपनी ने 2016 के बाद से अपने राजस्व के चार गुने से अधिक रु. 326 करोड़ का प्रभावी कारोबार दर्ज किया। कर पूर्व लाभ वित्त वर्ष 14–15 में रु. 7.10 करोड़ से बढ़कर इस अवधि में रु. 56.19 करोड़ हो गया।











एडसिल
EdCIL
Education • Innovation • Transformation

**एडसिल (इण्डिया) लिमिटेड**
(भारत सरकार का "मिनी रत्न" श्रेणी - I सीपीएसई)

एडसिल हाउस, 18-ए, सैक्टर-16-ए, नोएडा-201301 (उ.प्र.)
EPABX: 0120-4156001-02, 4154003, 2970206-07 | फैक्स: 0120-2970209
वेबसाईट: www.edcilinida.co.in | ई-मेल: edcilsupport@edcil.co.in

एडसिल
EdCIL
Education • Innovation • Transformation



# बदलती शिक्षा बदलता भारत

**एडसिल (इण्डिया) लिमिटेड**
(भारत सरकार का "मिनी रत्न" श्रेणी - I सीपीएसई)
ISO 9001:2015 & 14001:2015 Certified Company



## परिकल्पना

"शिक्षा और मानव संसाधन क्षेत्रों को प्रभावित करने के लिए विशेषज्ञता, सेवाएं और अभिनव समाधान प्रदान करने वाला अत्यधिक सम्मानित परामर्शी और परियोजना प्रबंधन संगठन बनना।"

## उद्देश्य

"घरेलू और वैश्विक ग्राहकों के लिए उच्चतम दक्षता और नीतिपरक मापदण्डों के साथ अभिनव, प्रौद्योगिकी आधारित सेवाएं प्रदान करके शिक्षा और मानव संसाधन परिणामों में महत्वपूर्ण सुधार लाना और शिक्षा के क्षेत्रों में पसंदीदा नियोक्ता बनना।"

## एडसिल परिचय

एडसिल, शिक्षा मंत्रालय (एमओई) के प्रशासनिक नियंत्रण के अधीन एक मिनी रत्न श्रेणी–I सीपीएसई, संपूर्ण शिक्षा और मानव संसाधन विकास मूल्य श्रृंखला में परियोजना प्रबंधन और परामर्श सेवाएं प्रदान करता है।


1981 में अपनी स्थापना के बाद से, एडसिल केंद्र/राज्य सरकार, मॉरीशस सरकार, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों और आईआईटी, आईआईएम, केंद्रीय विद्यालय, जवाहर नवोदय विद्यालय सहित स्वायत्त निकायों के लिए व्यापक शिक्षा परियोजना से संबंधित सेवाएं प्रदान कर रहा है। एडसिल ने अपने प्रारंभिक डिजिटल षिक्षण कार्यक्रम (ईडीएलपी) के तहत मॉरीशस में स्कूली छात्रों को 54000 ई–टैबलेट की आपूर्ति के लिए 24 मिलियन पौंड के ऑर्डर(रों) सहित कई शिक्षा केंद्रित परियोजनाएं हासिल की हैं।

एडसिल ने विश्व स्तर पर उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए 2018 में स्टडी इन इंडिया कार्यक्रम शुरू किया। एडसिल षिक्षा मंत्रालय की विभिन्न शिक्षा पहलों के प्रचार के लिए सोशल मीडिया अभियान चलाने के साथ ही पिछले तीन वर्षो से परीक्षा पे चर्चा, जिसमें माननीय प्रधानमंत्री छात्रों को सीधे संबोधित करते हैं, जैसे कार्यक्रमों का सफल आयोजन कर रहा है।









## कंपनी वर्तमान में निम्नलिखित कार्य क्षेत्रों में अपनी सेवाएं प्रदान करती है:

### ऑनलाइन परीक्षण और मूल्यांकन सेवाएँ (ओटीएएस)

यह विभाग स्कूलों में शिक्षकों और प्रिंसिपलों सहित केन्द्र/राज्य सरकार के साथ ही सार्वजनिक उपक्रमों और स्वायत्त निकायों के विभिन्न कर्मचारियों की भर्ती के लिए ऑनलाइन परीक्षा आयोजित करने पर केंद्रित है। यह ग्राहक बाजार में जबरदस्त प्रतिक्रिया पाने वाला एडसिल का सबसे बड़ा वर्टिकल है। एडसिल ने अब तक 09 मिलियन उम्मीदवारों के लिए ऑनलाइन टेस्ट आयोजित किए हैं।

### शैक्षिक अवसंरचना सेवाएं (ईआईएस)

यह विभाग ब्राउन एंड ग्रीन फील्ड मोड में स्कूल और उच्च शिक्षा के बुनियादी ढांचे की स्थापना, व्यावसायिक शिक्षा के लिए सेवा समाधान, स्कूलों में विज्ञान प्रयोगशालाओं और उच्चतर शिक्षा में अनुसंधान प्रयोगशालाओं की स्थापना के लिए एंड टू एंड पीएमसी (परियोजना प्रबंधन कंसल्टेंसी), ग्राहकों को टर्नकी सेवाएं प्रदान करता है।

इस वर्टिकल ने परीक्षा पे चर्चा, ध्रुव जैसे कार्यक्रम भी आयोजित किए हैं और सोशल मीडिया सेवाएं प्रदान कर रहा है।

### डिजिटल शिक्षा प्रणाली (डीईएस)

डिजिटल शिक्षा भारत की शिक्षा प्रणाली में तेजी से अपना स्थान बना रही है और पारंपरिक कक्षा का स्थान ले रही है।

प्रौद्योगिकी संचालित शिक्षा तंत्र हर समय, हर जगह सुविधानुसार शिक्षण प्रतिमान पेश करता है। डिजिटल शिक्षा शिक्षार्थी को पारितंत्र के केंद्रबिंदु में रखकर अंतिम परिणाम को ध्यान में रखते हुए उसे व्यक्तिगत राह संरचित करने की शक्ति देती है।

एडसिल (इंडिया) लिमिटेड तदनुसार शिक्षा पारितंत्र को उच्च प्रभावी और मापनीय समाधान प्रदान करके सभी उदीयमान प्रौद्योगिकियों पर ध्यान केंद्रित करता है।

**मुख्य सेवाएं हैं:**

1. ई–टैबलेट क्लासरूम लर्निंग
2. नेक्स्ट–जेन डिजिटल क्लासरूम
3. इंटरएक्टिव डिजिटल बोर्ड
4. डिजिटल स्मार्ट कैम्पस सॉल्यूशंस
5. ई–लर्निंग प्लेटफॉर्म और इंटरएक्टिव डिजिटल कंटेंट
6. वर्चुअल/टेली क्लासरूम सॉल्यूशंस
7. विश्वविद्यालय और स्कूलों के लिए आईटी सक्षम अनुप्रयोग (ईआरपी)
8. क्लाउड होस्टिंग सर्विसेज
9. एसईएन शिक्षार्थियों के लिए लर्निंग सॉल्यूशंस।

डीईएस के पास घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय बाजार में स्मार्ट क्लासरूम समाधानों के कार्यान्वयन का व्यापक कवरेज और अनुभव है।

### परामर्श सेवाएं (एएस)

यह विभाग भारत और विदेश दोनों में शिक्षा क्षेत्र में अनुकूलित सलाहकार समाधान साबित करने की सेवाओं में संलग्न है। यह व्यापक रूप से डीपीआर (विस्तृत परियोजना रिपोर्ट) बनाने, कार्यनीति अध्ययन, प्रभाव अध्ययन और शिक्षा पहल तैयार करने, पहचान प्रशिक्षण, मानव संसाधन पहल अध्ययन आदि सेवाएं प्रदान करता है।

### शैक्षिक अधिप्राप्त सेवाएं (ईपीएस)

यह विभाग टीसीओ (स्वामित्व की कुल लागत) आधार पर आईटी उपकरणों, फर्नीचर, प्रयोगशाला उपकरण, ऑडियो–विजुअल उपकरणों आदि के एंड टू एंड डिजाइन, खरीद और परियोजना प्रबंधन का कार्य करता है।



### ओवरसीज शिक्षा सेवाएं (ओईएस)

"कंपनी का ओईएस वर्टिकल विदेशी शिक्षा सेवाओं जैसे विदेशी छात्रों के प्रवेश में सहायता और विदेशी संस्थानों को भारतीय संकाय प्रदान करने की सेवाएं देता है।

